भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

30 मार्च 2019

<u>प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आलो (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अरुणाचल प्रदेश के इस महत्वपूर्ण भाग को पिछले पांच वर्ष से 'नए भारत का नया ग्रोथ इंजन' बनाने का प्रयास कर रहा हूं। साथ ही, अपने काम का हिसाब देने की शुरुआत भी अरुणाचल प्रदेश से ही हो रही है

****

पिछले 5 वर्षों में मैं देश के लिए जो भी कर पाया हूं इसके पीछे आपका साथ, समर्थन और आशीर्वाद ही है

****

पांच वर्ष पूर्व अरुणाचल प्रदेश आने पर मुझे कहा गया था कि कोई प्रधानमंत्री 30 साल बाद यहाँ आया है। आपका ये प्रधान सेवक बीते 5 वर्षों में ही 30 से भी ज्यादा बार नार्थ ईस्ट आ चुका है, यह उत्तर-पूर्व के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है

****

जिस बात पर देश गर्व करता है उसी बात पर महामिलावटी गठबंधन को दुःख होता है। दुनिया में भारत का डंका बजता है तो ये तिलमिला जाते हैं। ये वही भाषा बोलते हैं जो आतंकवादियों के आका बोलते हैं। आज हिंदुस्तान में इनकी पूछ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में इनका जय जयकार हो रही है

****

जब भारत ने आतंकियों को घर में घुसकर मारा, तो इनका क्या रवैया रहा, ये भी आपने देखा है। जब हमारे वैज्ञानिक दुनिया को हैरान कर देते हैं, तो भी ये उसका मजाक उड़ाने के बहाने खोज लेते हैं। देश ऐसे लोगों को माफ नहीं करेगा

****

नामदारों की सरकार दिल्ली में हो या फिर किसी अन्य राज्य में, कांग्रेस की हमेशा से करप्शन के साथ मज़बूत सांठगांठ रही है। यही इनका महागठबंधन है जो करप्शन के फेविकोल से बंधा हुआ है

****

नामदारों को उत्तर-पूर्व की भलाई से ज्यादा मलाई की चिंता थी। हम आपकी भलाई के लिए काम करते हैं और वो मलाई के लिए काम करते हैं

****

एक ओर देश को बांटने की साजिश रचने वाली ताकतें हैं तो दूसरी और देश को सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की इमानदार कोशिश यह चौकीदार कर रहा है। एक तरफ देश को लेकर हीनता का भाव पैदा करने का लगातार प्रयास हो रहा है तो दूसरी ओर देश को लोगों की उपलब्धियों पर हर हिन्दुस्तानी गर्व से भरा हुआ है

****

विपक्ष के महामिलावटी गठबंधन के नेता न तो देश के जवान की चिंता करते हैं और न ही नौजवान की चिंता करते हैं। भारत जब भी बड़ी सफलता हासिल करता है तो नामदारों और उनके दरबारियों के चेहरे लटक जाते हैं

****

अरुणाचल प्रदेश सिर्फ एक राज्य ही नहीं, बल्कि भारत की मजबूत ढाल है। लेकिन दुर्भाग्य से पहले के नामदारों ने न तो इसकी परवाह की और न ही यहाँ के जनता की आशाओं-आकांक्षाओं को सम्मान दिया

****

अरुणाचल प्रदेश को पहली बार रेल मैप पर लाने का सौभाग्य आजादी के सात दशक बाद इस चौकीदार को मिला। जो बोगीबील पुल बरसों से लटका हुआ था, उसके बनने से पूर्वी जिलों के हज़ारों लोगों की ईटानगरसे दूरी 16 घंटे से घटकर 4-5 घंटे रह गई है

****

दशकों से यह अनुभव किया जा रहा था कि अरणाचल प्रदेश में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरुरत है लेकिन नामदार परिवार और यहां पर बैठे उनके राग दरबारी अपनी सल्तनत को मजबूत कर रहे थे

****

नामदार न तो देश के जवान की चिंता करते हैं, न ही नौजवान की चिंता करते हैं। भारत जब भी बड़ी सफलता हासिल करता है तो नामदारों और उनके दरबारियों के चेहरे लटक जाते हैं

****

नामदारों को एक पड़ोसी देश पर इतना प्यार आ रहा है कि अब नार्थ-ईस्ट ही नहीं, भारत भी उनको नहीं भा रहा है

****

अरुणाचल प्रदेश के करीब 50 हजार परिवारों को पहली बार बिजली कनेक्शन हमारी सरकार ने दी है, अरुणाचल प्रदेश की 40 हजार माताओं-बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर उन्हें धुंए से मुक्त दिलाई गयी

****

अरुणाचल के 1 लाख से ज्यादा परिवारों को शौचालय से जोड़ा गया और 5 हजार से अधिक गावों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई

****

3 लाख लोगों के पहली बार बैंक खाते खोले गए और मुद्रा योजना के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि यहाँ के युवाओं को बिना बैंक गारंटी दी गयी है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज आलो (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और विपक्ष पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश राज्य भारतीय जनता पार्टी के लिए सौभाग्य लाने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि नार्थ-ईस्ट में कमल खिलाने का सिलसिला अरुणाचल प्रदेश से ही शुरू हुआ था। देश आज ये भी देख रहा है कि 2019 के जनादेश में आप लोगों ने कैसे इस चौकीदार को मजबूत करने का अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के दो विधान सभा क्षेत्रों- आलो और याचूली से भारतीय जनता पार्टी के दो विधायकों के निर्विरोध चुनाव में दो कमल खिला कर एक बड़ा संदेश पहले ही दे दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि देश के इस महत्वपूर्ण भाग को मैं पिछले पांच वर्ष से नए भारत का नया ग्रोथ इंजन बनाने का प्रयास कर रहा हूं। साथ ही अपने काम का हिसाब देने की शुरुआत भी अरुणाचल प्रदेश से ही हो रही है। उन्होंने कहा कि विकास के डबल इंजन के लिए मिल रहे आपके आशीर्वाद को मैं अपने सिर माथे पर रखता हूं। **पिछले 5 वर्षों में मैं देश के लिए जो भी कर पाया हूं इसके पीछे आपका साथ, समर्थन और आशीर्वाद ही है।**

प्रधानमंत्री जी ने अरुणाचल प्रदेश की जनता की सराहना करते हुए कहा कि **आप लोगों का साथ मिला तब ही हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश के करीब 50 हजार परिवारों को पहली बार बिजली कनेक्शन दे पाई, ये आपका ही साथ मिला तभी हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश की 40 हजार माताओं-बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर उन्हें धुंए से मुक्त कर पाई, अरुणाचल के 1 लाख से ज्यादा परिवारों को शौचालय से जोड़ा गया और 5 हजार से अधिक गावों को खुले में शौच से मुक्ति दिला पाई। आपका साथ मिला तभी अरुणाचल के 3 लाख लोगों के पहली बार बैंक खाते खुल पाए। आपका साथ मिला तभी मुद्रा योजना के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि यहाँ के युवाओं को बिना बैंक गारंटी दी जा सकी।** आपका साथ मिल पाया तभी आलो और हापोरी सहित अनेक कस्बों और गाँवों में पीने का पानी पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयास कर पाई। आपका साथ मिला तभी ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट और राज्य को पहला सैनिक स्कूल दे पाया।

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेसी प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि **5 वर्ष पूर्व अरुणाचल प्रदेश आने पर मुझे कहा गया था कि कोई प्रधानमंत्री 30 साल बाद यहाँ आया है। आपका ये प्रधान सेवक बीते 5 वर्षों में ही 30 से भी ज्यादा बार नार्थ ईस्ट आ चुका है। हर हफ्ते-दो हफ्ते केंद्र सरकार का कोई न कोई मंत्री यहाँ आये हैं और आपके सुख-दुःख में सहभागी रहे।** आपने पहले की सरकार के तौर-तरीके भी देखे हैं, खुद को भारत का भाग्य विधाता समझने वाले लोग कितनी बार अरुणाचल प्रदेश और नार्थ ईस्ट आये हैं, इसकी तुलना से ही बहुत कुछ साफ़ हो जाता है। लेकिन आपके इस चौकीदार ने दिल्ली को आपके दिल से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अ**रुणाचल प्रदेश सिर्फ एक राज्य ही नहीं बल्कि भारत की मजबूत ढाल है। लेकिन दुर्भाग्य से पहले के नामदारों ने न तो इसकी परवाह की और न ही आपकी आशाओं-आकांक्षाओं को सम्मान दिया।** अरुणाचल प्रदेश को पहली बार रेल मैप पर लाने का सौभाग्य, आजादी के सात दशक बाद इस चौकीदार को मिला।

अरुणाचल को एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली से जोड़ने का काम भी सात दशक बाद संभव हो पाया। जो बोगीबील पुल बरसों से लटका हुआ था, उसके बनने से पूर्वी जिलों के हज़ारों लोगों की इटानगर से दूरी 16 घंटे से घटकर 4-5 घंटे रह गई है। आजादी के साथ दशक बाद अरुणाचल प्रदेश को हवाई कनेक्टिविटी मिल पाई है। दशकों से यह अनुभव किया जा रहा था कि अरुणाचल प्रदेश में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरुरत है लेकिन नामदार परिवार और यहां पर बैठे उनके रागदरबारी अपनी सल्तनत को मजबूत कर रहे थे। उन्हें आपकी भलाई से ज्यादा मलाई की चिंता थी। हम आपकी भलाई के लिए काम करते हैं और वो मलाई के लिए काम करते हैं। 5 साल का सेवाभाव और 55 साल के सत्तासुख का फर्क यही होता है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि **इनकी सरकार दिल्ली में हो या फिर किसी भी राज्य में, कांग्रेस की हमेशा करप्शन से मज़बूत सांठगांठ रही है। यही इनका महागठबंधन है और सबको बाँधने वाला फेविकोल करप्शन है।** यहाँ इनके नेता गरीबों की थाली से जो निवाला चुराते हैं उन्हें प्रेरणा मिलती है दिल्ली में बैठे हुए वे नेता जो इनकम टैक्स चुराते हैं, किसानों की जमीन चुराते हैं, अखबार चलाने के लिए मुफ्त की जमीन से लाखों रूपये किराया कमाते हैं, देश के रक्षा सौदों से भी दलाली से अपनी प्रॉपर्टी बनाते हैं और जो बेल पर हैं वे चौकिदार को गाली दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि **विपक्ष के महामिलावटी गठबंधन के नेता न तो देश के जवान की चिंता करते हैं और न ही नौजवान की चिंता करते हैं। भारत जब भी बड़ी सफलता हासिल करता है तो नामदारों और उनके दरबारियों के चेहरे लटक जाते हैं। जिस बात पर देश गर्व करता है उसी बात पर इनको दुख होता है। दुनिया में भारत का डंका बजता है तो ये तिलमिला जाते हैं। ये वही भाषा बोलते हैं जो आतंकवादियों के आका बोलते हैं। आज हिंदुस्तान में इनकी पूछ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में इनका जय जयकार हो रही है।** वहां के अखबारों में इनकी तस्वीर छपती है। ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिए या नहीं? **जब भारत ने आतंकियों को घर में घुसकर मारा, तो इनका क्या रवैया रहा, ये भी आपने देखा है। जब हमारे वैज्ञानिक दुनिया को हैरान कर देते हैं, तो भी ये उसका मजाक उड़ाने के बहाने खोज लेते हैं। उनको एक पड़ोसी देश पर इतना प्यार आ रहा है कि अब नार्थ-ईस्ट ही नहीं, भारत भी उनको नहीं भा रहा है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि **एक ओर देश को बांटने की साजिश रचने वाली ताकतें हैं तो दूसरी और देश को सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की इमानदार कोशिश यह चौकीदार कर रहा है। एक तरफ देश को लेकर हीनता का भाव पैदा करने का लगातार प्रयास हो रहा है तो दूसरी ओर देश को लोगों की उपलब्धियों पर हर हिन्दुस्तानी गर्व से भरा हुआ है।** जब दिल्ली पुलिस के स्वाट (SWAT) दस्ते में अरुणाचल की बेटियाँ दिखती हैं, तो हमें गर्व होता है। जब यहाँ कि बेटियाँ एवरेस्ट फतह करती है, तो सारे हिंदुस्तान को गर्व होता है।

प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि 2019 में अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू और केंद्र में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाकर विकास का डबल इंजन लगाएं ताकि अरुणाचल प्रदेश विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ सके।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव